<u>**कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)**</u>
<u>**अक्तूबर 2021 माह कार्य का सारांश**</u>

माह के महत्वपूर्ण कार्य इस प्रकार हैं:

1. **प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 3.0 के तहत कोविड योद्‌धा के लिए कस्टमाइज्ड क्रैश कोर्स प्रोग्राम:** इस विशेष स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत, लगभग 1.59 लाख उम्मीदवारों को नामांकित किया गया है।

2. **शिक्षुता प्रशिक्षण स्कीम:** राष्ट्रीय शिक्षुता मेला 2021 देश भर में 662 केंद्रों में आयोजित किया गया और इसमें 6,062 प्रतिष्ठानों ने भाग लिया। माह के दौरान पोर्टल पर 3,212 नए प्रतिष्ठान पंजीकृत हुए तथा 59,519 अनुबंध किए गए।

3. **आजीविका संवर्धन हेतु कौशल अर्जन और ज्ञान जागरूकता (संकल्प):**
   - क. महात्मा गांधी राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति चरण- II का राष्ट्रीय स्तर पर प्रारंभ 25 अक्तूबर 2021 को किया गया था जिसमें देश के 35 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 641 जिलों में 641 अध्येताओं को तैनात किया गया था।
   - ख. राज्य प्रोत्साहन अनुदान (एसआईजी) के तहत, लद्‌दाख के लिए 2 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। 50 लाख रुपये की राशि संघ राज्य क्षेत्र को जारी कर दी गई हैं और शेष राशि उपयोग प्रमाण-पत्र जमा करने पर जारी की जाएगी।
   - ग. प्रबंधन और उद्‌यमशीलता और व्यावसायिक कौशल परिषद (एमईपीएससी) तथा संकल्प ने 5 से 7 अक्टूबर 2021 तक "महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और प्रगतिशील कार्य वातावरण बनाना" परियोजना के भाग के रूप में सुविधाकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। इस पहल में महिला और पुरुष प्रशिक्षुओं तथा मोबिलाइज़र, परामर्शदाता, प्रशिक्षक और प्रबंधन कर्मचारी सहित व्यावसायिकों के बीच जेंडर संचेतक संबंधी जागरूकता बढ़ाने और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पीओएसएच) के बारे में जोर दिया गया है।

4. **प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी):**
   - क. अखिल भारत आधार पर आईटीआई के प्रशिक्षुओं के लिए स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने के उद्‌देश्य से उद्‌यमशीलता कौशल और शिक्षा के निरंतर विकास के लिए राष्ट्रीय उद्‌यमशीलता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निस्बड) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

ख. भारत स्किल पोर्टल (**https://bharatskills.gov.in**) 34 लाख उपयोगकर्ताओं ने अक्तूबर 2021 तक पोर्टल का उपयोग किया है। उपयोगकर्ताओं की संख्या में 5% की वृद्धि देखी गई।

ग. पीएमकेवीवाई 3.0 के कार्यान्वयन में अपनाई जाने वाली वित्तीय प्रक्रियाओं पर चर्चा करने के लिए आईटीआई में पीएमकेवीवाई के कार्यान्वयन के लिए एक हितधारक बैठक आयोजित की गई थी।

5. **भारत कौशल क्षेत्रीय प्रतियोगिता 2021:** पश्चिम अंचल और पूर्वी अंचल तथा पूर्वोत्तर के लिए आयोजित प्रतियोगिता में 465 प्रतियोगियों ने भाग लिया।

6. **उत्कृष्टता केंद्र (सीओई):** सचिव की अध्यक्षता में स्थायी समिति द्वारा दो संस्थानों अर्थात् जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप (एक्सआईएमई), बेंगलुरु के तहत (i) उद्यमिता नेतृत्व केंद्र (ईएलसी) और (ii) भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडी II), अहमदाबाद को उत्कृष्टता केंद्रों का दर्जा दिया गया।

7. **राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी):** अध्यक्ष**,** एनसीवीईटी की अध्यक्षता में गठित उप-समिति ने चार बैठकें कीं**,** जिसमें 19 संस्थाओं/संगठनों ने अवार्डिंग निकाय के रूप में मान्यता दिए जाने से पहले, उप-समिति के समक्ष अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

8. **आजादी का अमृत महोत्सव:** प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) के अंतर्गत सभी 33 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) में विशेष अभियान और समारोह आयोजित किए गए।

******